# बालमन

Powered by Teachers of Bihar



वर्ष 2023

माह दिसम्बर

अंक 24

**प्रधान संपादक :-धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]**

Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "**बाल मन कैमूर**" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "**बाल मन कैमूर**" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

## प्यारे बच्चों,



**नमस्कार**

जन्म से नहीं अपने कर्म से हम महान बनते हैं । आप सभी जिस तरह से बालमन से जुड़ कर अपनी प्रतिभा और कला को हम तक पहुंचाते हैं,राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सभी को पसंद आ रही है। धीरे -धीरे आपकी प्रतिभा मे भी निखार आ रहा है। वर्ष के अंत में ठंडी का आगमन पूरी तरह से प्रदेश में हो चुका है।आप सभी गर्म कपड़ों से खुद को ढंक कर बाहर निकले।जरूरतमंद लोगों की मदद भी करते रहे।यदि आपके माध्यम से किसी के जीवन की सुरक्षा हो सकती हो तो जरूर करे और दूसरो को भी प्रेरित करे।

बच्चो !दिन - प्रतिदिन बालमन टीम द्वारा प्राप्त पोस्ट से आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।इसके साथ ही मासिक टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में शामिल होने के लिएआप सभी को धन्यवाद।

हमारी TOB बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

आपका
धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ( कैमूर )
मो . 9431680675

TEACHERS OF BIHAR

बालमन

# सहयोगी सदस्य

माह : दिसम्बर

**बालमन चांद प्रधान संपादक :** प्रमोद कुमार "निराला"
( कन्या मध्य विद्यालय चांद )

**बालमन कुदरा प्रधान संपादक :** कमलेश कुमार
( U.H.S. हरदासपुर , कुदरा )

**विज्ञान कॉर्नर:** राजेश कुमार सिंह
(महाबल भृंगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिगांवा बहेरा ,भभुआ)

**दर्शनीय स्थल सह रोचक गणित :** कुमार राकेश मणि
(UHS कोटा, नुआंव )

**शिक्षण अधिगम सामग्री :** अवधेश राम
(UMS बहुआरा, भभुआ)

# Teachers of Bihar

## बालमन

# अनमोल विचार

अगर आप खुद का सम्मान करते हैं तो अच्छे गुण वाले लोगों के साथ रहें, क्योंकि बुरी संगत में रहने से अच्छा है अकेले रहना ।



**जॉर्ज वॉशिंगटन**

**( संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति)**

**जन्म: 22 फरवरी 1732 मृत्यु: 14 दिसम्बर 1799**

राकेश कुमार

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसीं दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इन्द्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन प्रेरक प्रसंग

दिसम्बर 2023

## बिखरे पंख

एक व्यक्ति ने एक महात्मा के सामने अपने पड़ोसी की खूब निंदा की ।बाद में जब उसे अपनी गलती का अहसास हुआ, तो वह पुनः महात्मा के पास पहुंचा और उस गलती के लिए क्षमा याचना करने लगा ।महात्मा ने उससे कहा कि वह पंखो से भरा एक थैला शहर के बीचो-बीच बिखेर दे ।उस व्यक्ति ने महात्मा कि बात सुनकर ऐसा ही किया और फिर महात्मा के पास पहुँच गया ।

उस व्यक्ति की बात सुनकर महात्मा ने उससे कहा कि जाओ और उन सभी पंखो को फिर से थैले में भरकर वापस ले आओ ।वह व्यक्ति थोड़ा हिचका पर महात्मा का आदेश मानते हुए उसने ऐसा करने की कोशिश की ।काफी प्रयत्न करने के बाद भी वह सभी पंखो जमा नहीं कर सका ।जब आधा भरा थैला लेकर वह महात्मा के सामने पहुंचा तो महात्मा ने उससे कहा की यही बात हमारे जीवन में भी लागू होती है ।

जिस तरह तुम पंख वापस नहीं ला सकते, उसी तरह तुम्हारे कटु वचन को भी वापस नहीं किया जा सकता.। उस व्यक्ति का जो नुकसान हुआ है, अब उसकी भरपाई संभव नहीं है ।आलोचना का मतलब नकारात्मक बाते करना और शिकायत करना ही नहीं होता बल्कि आलोचना सकारात्मक भी हो सकती है । आपकी कोशिश यह होनी चहिये की आपकी आलोचना से, आपके द्वारा सुझाये विचारो से उसकी सहायता हो जाएँ ।

# पद्य पंकज

“

करने वाला इतिहास निर्माता होता है,
सिर्फ सोचते रहने वाला इतिहास के
भयंकर रथचक्र के नीचे पिस जाता है।
इतिहास का रथ वो हाँकता है, जो
सोचता है, और सोचे को करता भी है।

**हजारी प्रसाद द्विवेदी**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya

“

मिट्टी का गहरा अंधकार,
डूबा है उसमें एक बीज।
वह खो न गया, मिट्टी न बना
कोदों, सरसों से क्षुद्र बीज।
उस छोटे उर में छिपे हुए,
है डाल-पात औ’ स्कन्द-मूल।
गहरी हरीतिमा की संसृति
बहु रुप-रंग,फल और फूल।

**सुमित्रा नंदन पंत**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

अमरेन्द्र कुमार

# अक्षरधाम मंदिर, दिल्ली



नई दिल्ली में बना स्वामिनारायण अक्षरधाम मन्दिर एक अनोखा सांस्कृतिक तीर्थ है। इसे ज्योतिर्धर भगवान स्वामिनारायण की पुण्य स्मृति में बनवाया गया है। यह परिसर १०० एकड़ भूमि में फैला हुआ है। दुनिया का सबसे विशाल हिंदू मन्दिर परिसर होने के नाते २६ दिसम्बर २००७ को यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में शामिल किया गया।




**आरबीआई** ने बड़ा फैसला लेते हुए **अस्पताल** और **शिक्षण** स्थानों में यूपीआई (**UPI**) की मदद से एक बार में **5 लाख रुपए** तक का भुगतान करने की **अनुमति** दे दी है।

1 मिनट में 5 अंतर खोजे

आप तैयार है न......





# बालमन

## टीचर्स ऑफ बिहार बालमन की कलम से...

इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चों में कुछ न कुछ विशेष प्रतिभा जरूर होती हैं। हम ये भी कह सकते है की हर बच्चे कलाकार होते हैं। घर के आंगनरूपी विद्यालय से माता-पिता और अभिभावकों के बीच बच्चें अपनी कला प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में भी बच्चें अपने मार्गदर्शक शिक्षको के सानिध्य में अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं।

# बालमन क्या हैं ?

सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा और कलाकारी केवल विद्यालयों तक सीमित न रहते हुए राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए,इसी उद्देश्य से बच्चों के मन में कला के प्रति उत्पन्न सोच को विभिन्न रूपों में एक जगह संग्रहित कर सम्मानित सह प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार के सौजन्य से बालमन पत्रिका की शुरुआत की गई। बालमन पत्रिका बच्चों के लिए एक प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चें उत्साहपूर्वक अपनी कला का प्रदर्शन करते है और अपनी कला और प्रतिभा के लिए बालमन द्वारा सम्मानित भी होते हैं। बालमन पत्रिका राज्य स्तर, जिला स्तर,प्रखंड,स्तर,संकुल स्तर और विद्यालय स्तर पर भी बच्चों के लिए बहुत उपयोगी,ज्ञानवर्धक और रोचक ज्ञान से परिपूर्ण एक मासिक ई - पत्रिका है।

www.teachersofbihar.org/publication/balman



# ToB बालमन कलाकार

## भाग - 1




**शुभम कुमार ,वर्ग 7**
**उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजरा, मोहनियां, कैमूर**




**मध्य विद्यालय अखलासपुर की छात्रा के द्वारा बनाया गया**



**गंगीत कुशवाहा ,वर्ग6**
**एसकेबीन मिडल स्कूल रोसड़ा**
**समस्तीपुर**



**Subham kumari, class 5**
**U.H.S. Bhaluhari(Chand) kaimur**



**सुरभि पटेल**
**वर्ग 8**
**उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा, भभुआ**

# ToB बालमन कलाकार भाग 2



हेकाक इंस्टीट्यूशन मध्य विद्यालय लहेरियासराय
दरभंगा (बिहार)




AditYi Kumari,class 6
UHS कोटा, नुआंव (कैमूर)



उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमरपुरा मोहनियां, कैमूर



बालमन चांद से



मध्य विद्यालय अखलासपुर भभुआ, कैमूर



अंजली कुमारी ,वर्ग- 6, उत्क्रमित मध्य विद्यालय -खजुरा ,मोहनिया- कैमूर

# ToB बालमन कलाकार

# भाग 3



सोनू कुमार ,वर्ग 4
NPS Akri,
Bhabua(kaimur)





शुभम कुमार
वर्ग 7
उत्क्रमित मध्य विद्यालय खजरा
मोहनियां( कैमूर)



सुरभि पटेल
वर्ग 8
UMS सिलौटा, भभुआ
(कैमूर)



UMS सिलौटा, भभुआ
गुड़िया कुमारी
वर्ग 4



UMS सिलौटा, भभुआ
संध्या कुमारी
वर्ग 5



प्राथमिक विद्यालय बहादुरा, मोहनियां




# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 4







प्राथमिक विद्यालय मड़पा(हिंदी) अधौरा(कैमूर )



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर मोहनियां (कैमूर)




U.H.S. हरदासपुर , कुदरा कैमूर

# ToB बालमन कलाकार भाग 5

















प्राथमिक विद्यालय भेरी , चांद




प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, मोहनियां, कैमूर



# एक नज़र इधर भी...    भाग 1



सरौनी कला (मधेपुरा) के बच्चो के द्वारा




प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, मोहनियां






रांटी ( मधुबनी)



बालमन चांद से












# एक नज़र इधर भी...      भाग 2










# जयंती विशेष 03 दिसम्बर

राकेश कुमार




**डॉ राजेन्द्र प्रसाद** (3 दिसम्बर 1884 – 28 फरवरी 1963) भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था। सम्मान से उन्हें प्रायः 'राजेन्द्र बाबू' कहकर पुकारा जाता है।

# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



समय पर सोने और समय पर उठने से ना सिर्फ़ शारीरिक लाभ मिलते हैं बल्कि इससे कई मानसिक लाभ भी मिलते हैं। इसके द्वारा हम सकारात्मक महसूस कर सकते हैं।

ToB बालमन

# अज़ब-गज़ब

दिसम्बर 2023





1. हाथी के नवजात शिशु का वजन 100 से 120 किलोग्राम होता है।
2. दुनिया के लगभग 70% मसाले भारत से आते है।
3. शुक्र ग्रह का एक दिन पृथ्वी के एक साल के बराबर होता हैं।
4. कंगारू एक ऐसा जानवर है जो उल्टा नहीं चल सकता है और हाथी एक ऐसा जानवर है जो कूद नही सकता हैं।
5. एक तितली का दिल एक मिनट में 500 बार। धड़कता है और एक छिपकली का दिल एक बार में 1000 बार धड़कता हैं।

स्रोत: सोशल मीडिया

ToB बालमन

दिसम्बर 2023

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....



बिट्टू: स्कूल से आज मैं जल्दी घर आ गया......
मां : क्या हुआ बेटा,आज क्यों घर जल्दी आ गए?
बिट्टू : हां मां। मैंने एक मच्छर मार दिया तो मैडम ने क्लास से बाहर कर दिया।
मां : क्या? एक मच्छर मारने पर बाहर क्यों कर दिया ?
बिट्टू: क्योंकि मच्छर मैडम के गाल पर बैठा था।

.........................................

सास : बहु कहां हो तुम?
बहु: होटल में हूं ।बहुत भूख लगी थी,इसलिए यहां खाना खा रही हूं।
आप कहां हो सासू मां ?
सास: लंगर मे......तुम्हारे पीछे लाइन में खड़ी हूं,मिठाई मेरे लिए भी एक ले लेना।






# शीतलहर से बचाव

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

• सुरक्षित शनिवार •


•अनावश्यक घर से बाहर न जाएं और यथासंभव घर के अंदर सुरक्षित रहें। (विशेषकर वृद्ध व बच्चे) ।

• यदि घर से बाहर निकलना आवश्यक हो तो समुचित गर्न ऊनी व गर्म कपडे पहनकर ही निकलें। बाहर निकलते समय अपने सिर चेहरे हाथ व पैर की मी उपयुक्त गर्म कपड़े से ढक लें।

• समाचार पत्र/रेडियो/टेलीविजन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।

• शरीर में उष्मा के प्रवाह को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें।

• बंद कमरों में जलती हुई लालटेन, दीया व कोयले की अंगीठी का प्रयोग करते समय धुंए के निकास का उचित प्रबंध करें। प्रयोग के बाद इसे अच्छी तरह से बुझा दे।



TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS


www.teachersofbihar.com

# ToB बालमन
# आपके पेंटिंग
# भाग 1










प्रोजेक्ट बालिका +2 उच्च विद्यालय मोहनियां, कैमूर



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

बालमन

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2

आपके पेंटिंग




U H S सलथुआ, कुदरा (कैमूर)



सुहानी कुमारी वर्ग 1 NPS AKRI Bhabua



संतोष कुमार
सरौनी कला (मधेपुरा)



सोनाली कुमारी,वर्ग 6
उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमरपुरा, मोहनिया (कैमूर)




**लक्ष्मी कुमारी ,वर्ग 6**
**UMS सिलौटा**
**भभुआ- कैमूर**


# ToB बालमन
# आपके पेटिंग भाग 3














# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 4




श्रेयसी
रांटी, मधुबनी





प्रोजेक्ट बालिका+2 उच्च विद्यालय मोहनियां, कैमूर





आसमीन खातून
वर्ग 6
UHS सलथुआ, कुदरा

# ToB बालमन आपके पेंटिं
# भाग 5





















# पेन और पेंसिल आर्ट भाग 1






















# पेन और पेंसिल आर्ट  भाग 2




श्लोक कुमार द्वारा शिक्षक आशीष कुमार की बनाई गई तस्वीर




अमन कुमार ,वर्ग 7
राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी ऑन सोन (रोहतास)




Ums barhariyan, Chand
Soni patel



उर्दू प्राथमिक विद्यालय भगीरथीपुर, मोहनियां, कैमूर

Teachers of Bihar

# बालमन

## मन की बात



टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका बच्चों और शिक्षको के लिए एक बूस्टर डोज हैं जो उन्हें आगे और अच्छा करने की प्रेरणा देता है।हमारे विद्यालय के बच्चे बालमन में प्रकाशित प्रतिभा को देख कर बहुत खुश होते है और पहले से भी बेहतर करने का प्रयास करते है। मैं ToB और बालमन पत्रिका टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।



नाम : फरहत जहां
(शिक्षिका)
विद्यालय : उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमरपुरा मोहनियां (कैमूर)

मेरे विद्यालय के शिक्षक द्वारा बालमन पत्रिका को दिखलाया जाता है।जब हम अपनी फोटो या बनाए गए कला को देखते है तो बहुत खुश होते है।हमे ऐसा लगता है की हम और बेहतर करे,जिससे की पुनः हमारी कला को बालमन पत्रिका में स्थान मिले।हमारे विद्यालय में तो बालमन कॉर्नर का निर्माण भी हुआ है।मैं टीचर्स ऑफ बिहार बालमन टीम की आभारी हूं,जिनके माध्यम से मेरी कला को एक मंच मिल रहा हैं ।



नाम : सुरभि पटेल(छात्रा)
वर्ग 8
विद्यालय : उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ (कैमूर)

बालमन

# TOB बूझो तो जानें..



दिसम्बर 2023

1

लाल कपड़ा, सफेद दाढ़ी
हैं इनकी पहचान।
उपहारों की बारिश करते
जल्दी बताओ इनका नाम।

2

साल के अंत में आता हूं,
ठंडी बढ़ें तो लोग कपकपाते हैं।
पुरानी यादों के साथ
नववर्ष का स्वागत मेरे बाद ही आता हैं।



3

सफेद चादर से आसमान को
ढंक लेता हूं मैं।
चलती गाड़ी की रफ्तार धीमी कर
देता हूं मैं।

4

ठंडी से बचाता हूं,
खाना मैं ही पकाता हूं।
ठंडी में लोग मेरी शरण मे आए तो,
शरीर में गर्माहट लाता हूं।

धीरज कुमार
(शिक्षक)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ, कैमूर

उत्तर 1-सेंटा क्लॉज, 2-दिसंबर, 3-कोहरा, 4- आग

# ToB बालमन क्विज

## दिसम्बर 2023

**1**

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

A. 24 अप्रैल B. 14 अक्टूबर

C. 14 नवंबर D. 24 दिसम्बर

**2**

निम्न में किसे लौह पुरुष भी कहते है ?

A.भीमराव अम्बेडकर B. महात्मा गांधी

C. सरदार पटेल D. भगत सिंह

**3**

एक स्वस्थ नेत्र का निकट बिंदु कहां होता है ?

A. 25 सेमी B. अनंत

C. 75 सेमी D. 1 मीटर

**4**

पुथंडू किस राज्य का एक पर्व है

A.बिहार B. तमिलनाडु

C.गुजरात D. अरुणाचल प्रदेश

**5**

भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर कहां है ?

A.पटना B. अहमदाबाद

C. कोलकाता D. भोपाल

सही उत्तर: 1.D ,2.C ,3.A,4.B,5.C



धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर


बिहार सरकार
मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
बिहार सरकार
सुरक्षित शनिवार
वार्षिक सारणी
जनवरी
फरवरी
मार्च
अप्रैल
मई
जून
जुलाई
अगस्त
सितम्बर
अक्टूबर
नवम्बर
दिसम्बर
निर्देश
1. सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि विद्यालय के बच्चों में जोखिमों की पहचान एवं उससे बचाव करने की क्षमता, ज्ञान तथा आत्मविश्वास विकसित किया जाए ताकि वे किसी प्रकार के आपदा प्रत्युत्तर के लिए तैयार हो सकें।
2. बाल प्रेरकों द्वारा अन्य सभी बच्चों को एक साथ ज्ञान एवं कौशल स्थानांतरित करने का तरीका अन्य शिक्षण पद्धति से ज्यादा उपयुक्त होता है। अतः बाल प्रेरकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।
3. प्रत्येक विद्यालय के फोकल शिक्षक सभी बाल प्रेरकों के साथ शनिवार के एक दिन पूर्व वार्षिक–सारणी में निर्धारित गतिविधियों के अनुरूप योजना तैयार करेंगे।
4. सुरक्षित शनिवार की गतिविधियाँ प्रत्येक शनिवार के चेतना सत्र तथा अंतिम सत्र में अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे।
5. जिस माह पाँचवा शनिवार पड़े, उस स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबंधी विषयों के बारे में जानकारी दिया जाए एवं अभ्यास करायें।
6. जुलाई के प्रथम पखवारे (1–15 जुलाई) में विद्यालय सुरक्षा पखवारा तथा 4 जुलाई को विद्यालय सुरक्षा दिवस प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होगा। विद्यालय सुरक्षा पखवारे में क्षेत्र विशेष को प्रभावित करने वाली सभी आपदाओं (सुखाड़ सहित) पर आधारित कार्यक्रम किये जायेंगे।
7. स्थानीय विशेष कारणों से सप्ताह में वर्णित गतिविधियों को आगे–पीछे किया जा सकता है।
8. विद्यालय में लंबी छुट्टी होने की स्थिति में बच्चों को गृहकार्य के रूप में विद्यालय सुरक्षा से संबंधित विषयों का अभ्यास एवं उसपर चर्चा करने संबंधी कार्य दिये जाएं।
unicef | for every child


unicef
मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
(सुरक्षित शनिवार)
RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)
माह: दिसम्बर
प्रथम शनिवार
दिनांक 02.12.2023
निमोनिया एवं सर्दी-खांसी/जुकाम, आंख एवं त्वचा का संक्रमण, चेचक से खतरे तथा इसके बचाव के उपाय की जानकारी।
द्वितीय शनिवार
दिनांक 09.12.2023
हाथ धुलाई, खुले में शौच के खतरे, मल का सुरक्षित निपटान के सन्दर्भ में जानकारी।
तृतीय शनिवार
दिनांक 16.12.2023
जल एवं भूमि का संरक्षण, वायु प्रदूषण एवं पेड़-पौधों का संरक्षण के सन्दर्भ में जानकारी।
चतुर्थ शनिवार
दिनांक 23.12.2023
शीतलहर से खतरे एवं इससे बचाव के बारे में जानकारी।
किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
www.teachersofbihar.org

# सुरक्षित शनिवार



UMS सिलौटा भभुआ, कैमूर



UHS रांटी, मधुबनी



मध्य विद्यालय शिवपुर, भभुआ



UMS अमरपुरा, मोहनिया



UMS खजरा, मोहनियां

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता

दिसम्बर 2023

# किसान






धरती का सीना चीड़कर
जो जीवन रत्न उपजता है
निर्धन निर्बल सा वो महापुरुष
कृषक किसान कहलाता है

ख़ुद भूखे रहकर भी अक्सर
जो सारे जग को खिलाता है
निर्धन निर्बल सा वो महापुरुष
कृषक किसान कहलाता है

दुनिया सोई रहती है जब
वह बिस्तर से उठ जाता है
ठिठुरती सर्दी, चिलचिलाती धूप
में भी जो ना घबराता है
निर्धन निर्बल सा वो महापुरुष
कृषक किसान कहलाता है

धन संपत्ति लाख हो
बिन उसके सब व्यर्थ है
जो अन्न ना मिले खाने को
फिर निधि का क्या अर्थ है
खून से अपने सींच भूमि को
जो जीवन हमें दे जाता है
निर्धन निर्बल सा वो महापुरुष
कृषक किसान कहलाता है

हम क्या कोई मोल देकर
ऋण उसका उतार पाएंगे
वस्तु का मूल्य होता है
श्रम की क्या कीमत चुकाएंगे
जो निः स्वार्थ ही जग का
सदैव कल्याण कर जाता है
निर्धन निर्बल सा वो महापुरुष
कृषक किसान कहलाता है



चांदनी समर
(शिक्षिका)
जिला: मुजफ्फरपुर

# ToB बालमन कविता

दिसंबर 2023

## जब बोलो हस कर बोलो...





जब बोलो तब हस कर बोली,
बातों में मिसरी से घोलो।

जब बोलो तुम सच सच बोलो,
कभी भी ना बातें रच रच कर बोलो।





सोच समझ कर रुककर बोलो,
हंसकर मन की गांठे खोलो।

कभी ना रुकना कभी ना झुकना,
सदा ही तुम आगे बढ़ना।



जब बोलो तब हस कर बोली,
मन में कुछ भी छिप कर ना रखना।



सुरभि पटेल
वर्ग 8
UMS सिलौटा, भभुआ कैमूर

# ToB बालमन कविता

दिसम्बर 2023

## किससे पूछूं एक सवाल

कहां गई मेरी खेल की घंटी,
पूछ रहे हैं बच्चे सारे।
हम क्यों खेल नहीं सकते अब,
खेल हमारे प्यारे प्यारे ।
भागम - भाग पकड़म - पकड़ी
झूला ,रस्सी खेल कबड्डी।
स्कूल है प्यारा, टीचर्स प्यारे,
पढ़ाई भी लगती है प्यारे।
पर कैसे छोड़े हम खेलना,
ये खेल हमारे जान से प्यारे।
हम सब बच्चे खेल न खेलें,
तो बोझिल लगती है दुनिया सारी ।
यह हम सबको कैसे समझाएं ,
खेल में बसती है जान हमारी।
स्वस्थ शरीर जरूरी भी है,
स्वस्थ मस्तिष्क के लिए।
यही तो हमने जाना है,
फिर क्यों खेल को हमसे छीना
क्या खेल शिक्षा में बाधा है?
क्या खेल शिक्षा में बाधा है?

खुश्बू कुमारी
(शिक्षिका)
उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा, भभुआ, कैमूर

# बाल वैज्ञानिक





# ToB बालमन लघुकथा

दिसम्बर 2023

## सिसकता तालाब

सुबह सुबह संजना अपने कपड़े लेकर गांव के तालाब पर गयी।

कल उसका  पूरा दिन अस्पताल में बीता था ।सास बहुत बीमार थी तो ढेर सारे कपड़े लेकर वो गयी थी की जल्दी-जल्दी धो लेगी

फिर सुबह से छोटे-से घाट पर बहुत भीड़ हो जाती है ।अभी पूरे गांव में पानी की भयंकर कमी हो गयी थी ।

पोखर के किनारे संजना कपड़े रखने के लिए थोड़ी साफ जगह ढूढने लगी ।

किन्तु सारा घाट जूठे भोजन , मल से भरा हुआ था ,उसे लगा जैसे किसी के रोने की आवाज आ रही हो ।

वो पोखर की तरफ देखने लगी ।

क्या कहती हो संजना ,आठ आठ आंसू रोती रहती हूं,दिनरात सारे लोग कपड़े बरतन यहीं धोते पखारते हैं ,अपने साथ मवेशियों को भी नहाते हैं किन्तु मुझे साफ़ रखने के लिए सोचने की फुर्सत किसे ?

सारे गांव के लिए मैं नहाने धोने के लिए , खेती पथारी के लिए, मवेशियों के नहाने के लिए सारा जीवन दे दिया मगर इंसान ने मेरे समर्पण के बदले क्या दिया ।

इस गंदगी से मैं तो परेशान हो गयी , मछलियां और जल के जीव मरते जाते है जो गंदगी खाकर मुझे साफ़ करते रहते हैं, इंसान तो सिर्फ छठ मैं ही साफ करता है साल भर गंदगी!

संजना अवाक रह गयी ।



चंदना दत्त (शिक्षिका)
रांटी , मधुबनी
बिहार

# चेतना सत्र



उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलका, भभुआ, कैमूर



राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहरक, रामगढ़, कैमूर



प्राथमिक विद्यालय रामपुर, भभुआ, कैमूर



महाबल भृंगनाथ+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिगांवा बहेरा, भभुआ

# Teachers of Bihar

The change makers

## गुणकारी सब्जियां

### अदरक



मुझमें vit.C, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज आदि पाया जाता है।

### मशरूम



मैं vit.D का अच्छा स्रोत हूँ। मुझमें प्रोटीन, डाइटरी फाइबर,vit.B complex (जैसे - नियासीन, राइबोफ्लेविन, थियामिन), सेलेनियम,जिंक, मैग्नीशियम, पोटैशियम आदि भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं

Anu priya

ToB बालमन

दिसम्बर 2023

# दर्शनीय स्थल

## बिहार पर्यटन: तुतराही जलप्रपात

तुतुला भवानी या तुतराही जलप्रपात रोहतास जिला के डेहरी-ऑन-सोन से लगभग 20 किमी एवं तिलौथू से लगभग 8 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में पहाड़ी की घाटी में है। यहाँ उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूरब की ओर दो ऊँची पहाड़ियों के बीच, लगभग एक मील लम्बी तथा हरियाली से भरी घाटी , सामने प्रपात और घाटी के बीच से कलकल कर बहती कछुअर नदी का पानी अद्भुत दृश्य उपस्थित करता है। यह घाटी पूरब में जहाँ लगभग 300 मीटर चौड़ी है , वहीं पश्चिम की ओर सिकुड़ती हुई केवल 50 मीटर रह जाती है , जहाँ अंत (पश्चिम) में लगभग 180 फीट की ऊंचाई से प्रपात गिरता है। प्रपात के भीतर उसके दाएँ (दक्षिण) बाजु में थोड़ी ऊंचाई पर एक चबूतरा है। यहाँ जाने के लिए दक्षिण की ओर से सीढ़ी बनी है। चबूतरे पर माँ जगद्धात्री महिषमर्दिनी दुर्गा की प्रतिमा है। इस प्रतिमा से लगभग सटे दक्षिण में , चट्टान पर ऊपर-नीचे तीन भागों में बँटा शिलालेख नायक प्रताप धवल देव का है।

यह स्थान देवी माँ तुतला भवानी के मंदिर और अविश्वसनीय झरने के लिए जाना जाता है | तुतलेश्वरी भवानी मंदिर के आसपास की प्राकृतिक छटा मनोरम है। पूरे रोहतास व कैमूर जिले में इस प्रकार का अद्भुत जल प्रपात नहीं है। तुतला भवानी शहर के शोर और प्रदुषण से मुक्त सबसे सुन्दर जगह है | झरने के साथ पहाड़ी दृश्य अद्भुत है जो पर्यटकों को आकर्षित करते है।

हाल के दिनों में वन विभाग द्वारा इस स्थल को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया गया है। सड़क, झूला पूल, ई-रिक्शा सहित यहाँ सारी पर्यटक सुविधाएँ मौजूद हैं।





तुतला भवानी /तुतराही जलप्रपात




कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यपक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार


जागो
ग्राहक
जागो
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
24 दिसंबर
राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# ToB बालमन

## रोचक गणित




# प्रमुख गणितज्ञ

दुनिया का पहला गणितज्ञ मिलेटस निवासी थेल्स (645-546 ईसा पूर्व) को माना जाता है।

आर्किमिडीज़ को गणित का जनक माना जाता है जो एक यूनानी इंजीनियर,भौतिक विज्ञानी एवं महान गणितज्ञ थे।

भारत में गणित की शुरुआत सिंधु घाटी सभ्यता (3300-1300 ईसा पूर्व) के समय हुई थी।

आर्यभट्ट को भारतीय गणित के जनक के रूप में जाना जाता है जिन्होंने अंकों की नई पद्धति को जन्म दिया था।

भारतीय गणित के जादूगर रामानुजन को माना जाता है जिन्होंने संख्याओं के सिद्धांत में योगदान दिया एवं पाई के लिए अनंत श्रृंखला का एक सूत्र खोजा था।

शकुंतला देवी भारत की ऐसी महिला गणितज्ञ थीं जिन्हें मानव कम्प्यूटर की उपाधि मिली थी जिन्होंने 13 अंक वाले दो नंबरों का गुणा सिर्फ 28 सेकंड में करके बता दिया जो कि कम्प्यूटर द्वारा लिए गए समय से भी थोड़ा कम था।



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर

# बाल संसद/ मीना मंच







TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS









# आओं सीखें

रवि शर्मा

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## “ कार्रवाई ” और “ कार्यवाही ” में अंतर

कानूनी रूप से किसी अपराधी को दंडित करने की प्रक्रिया को कार्रवाई कहते हैं जैसे - इस दंगे में जो भी व्यक्ति दोषी पाए जाएंगे उनके प्रति उचित कार्रवाई की जाएगी।
ACTION का मतलब कार्रवाई होता है ।
सरकार ने जो कदम उठाए, किसी मामले में जो 'एक्शन' लिया, उसे "कार्रवाई" कहते हैं।

किसी काम को करने की प्रक्रिया को कार्यवाही कहते हैं। जैसे - मंच संचालक से आग्रह है कि आगे की कार्यवाही शुरू करें ।
PROCEEDINGS का मतलब कार्यवाही होता है ।
संसद या विधानसभा के सदनों में जो कामकाज हुआ, उसे "कार्यवाही" कहते हैं

www.teachersofbihar.org

# आंधी, तूफान से बचाव


तेज़ हवा,आंधी, तूफान से,
बचकर कैसे रहना है ?
बच्चों आज बताए तुम्हें हम,
क्या उस समय न करना है?
शांत न हो तूफान तब तक,
घर से बाहर न निकलो ।
ऊपरी मंजिल से नीचे आ,
भूतल पर शरण ले लो।
रेडियो,टीवी संदेशों पर,
ध्यान लगाये रहना है।
भवन पुराने, बिजली के खंभे,
पेड़ों के नीचे न रहना है।
ऐसे मुश्किल दौर में बच्चों,
यह संदेश अपनाना है।।
बच्चों आज..............।।
घर के खिड़की दरवाजे को,
बंद करके तब रहना तुम ।
बिजली के भी उपकरणों को,
बंद करना नहीं भूलना तुम।
बंद करो गैस चूल्हे को भी,
डरना ना विचलित हो तुम।
अफवाहों को छोड़ देने को ,
सबको मशवरा देना तुम।
अपने आप को रखें सुरक्षित,
यह सबको समझाना है।।
बच्चों आज..............।।





कमलेश कुमार,
उत्क्र0 उ0 मा0 वि0 हरदासपुर, कुदरा,कैमूर।


बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
शिक्षा विभाग बिहार सरकार
बिहार सरकार
सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार
मिशन दक्ष
पढ़ाई में कमजोर 25 लाख बच्चों को मिलेगा लाभ
वर्ग 03 से 08 के ऐसे छात्र, जो हिन्दी के वाक्य धारा प्रवाह नहीं पढ़ सकते हैं।
ऐसे छात्र-छात्रा जो मौलिक गणित में सक्षम न हों।
अँग्रेजी वर्णमाला की जानकारी का अभाव हो।
उनके विद्यालयों में तीन बजे के बाद विशेष कक्षाएं आयोजित होंगी।
@EducationDepartmentBihar @BiharEducation_ @bihar_education_dept /iprdbihar @iprd_bihar


मिशन दक्ष
ध्येय
दसवीं कक्षा तक Drop out rate को नगण्य करना।
प्रारंभ
01 दिसंबर 2023
समाप्ति
जबतक मिशन का ध्येय प्राप्त न हो जाय।
कवरेज
कक्षा - 3 से कक्षा - 8 तक के विधार्थी।
मिशन के क्रियान्वयन के निम्नलिखित चरण होंगें :-
पहला चरण
सभी प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा - 3 से कक्षा - 8 तक के ऐसे सभी विद्यार्थियों को चिन्हित करना जो :-
1. हिंदी के कुछ वाक्य धारा प्रवाह नहीं पढ़ एवं लिख सकते हैं।
2. जो मौलिक गणित में समझ न हो।
3. अंग्रेजी वर्णमाला की जानकारी का अभाव।
द्वितीय चरण
सभी प्रारंभिक विद्यालयों में, विद्यालय गतिविधि समाप्त होने के पश्चात (अपराह्न 3 बजे के बाद) अथवा भोजनावकाश के बाद इन छात्रों की विशेष कक्षाएं होनी चाहिए।
तृतीय चरण
अकादमिक सत्र (2023 - 24) की वार्षिक परीक्षा के पश्चात अलग से एक परीक्षा अप्रैल 2024 अथवा ग्रीष्मावकाश के दौरान ली जाएगी।
पढ़ें बिहार, दक्ष बिहार

# मिशन दक्ष





UMS अर्रा, मोहनियां


राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी -ऑन -सोन (रोहतास)


NPS बहुवारा, कुदरा


UMS सिलौटा, भभुआ


नगरपालिका मध्य विद्यालय, भभुआ

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कैमूर

दिसम्बर 2023


**Crossword Puzzle**

**दिए गए आकृतियों के नाम चित्र और क्रम को देखते हुए उचित बॉक्स में भरे।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| square | circle | cone | cuboid | cylinder |
| rectangle | cube | triangle | sphere | |








अरविन्द कुमार
(शिक्षक)
NPS हसनपुरा, भभुआ, कैमूर

## हॉकी पुरस्कार

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया।




हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। उन्हें इससे पहले हॉकी इंडिया ने साल 2022 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (साल का सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी) से सम्मानित किया था। सविता की हैट्रिक : सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। भारतीय गोलकीपर 2023 में शानदार लय में रही है।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023

| खेल रत्न | |
|---|---|
| **खिलाड़ी** | **खेल** |
| सात्विक-चिराग | बैडमिंटन (डबल्स) |

| लाइफ टाइम अवॉर्ड | |
|---|---|
| **खिलाड़ी** | **खेल** |
| कविता | कबड्डी |
| मंजूषा कंवर | बैडमिंटन |
| विनीत कुमार शर्मा | हॉकी |

| द्रोणाचार्य अवॉर्ड | |
|---|---|
| **कोच** | **खेल** |
| गणेश प्रभाकरन | मलखंब |
| महावीर सैनी | पैरा एथलेटिक्स |
| ललित कुमार | रेसलिंग |
| आरबी रमेश | शतरंज |
| शिवेंद्र सिंह | हॉकी |

**मौलाना अब्दुल कलाम आजाद (MAKA) ट्रॉफी 2023**
गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (विनर), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (फर्स्ट रनर-अप), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (फर्स्ट रनर-अप)।

# गणित कॉर्नर

## लंब वृत्तीय शंकु (RIGHT CIRCULAR CONE)




लंब वृत्तीय शंकु एक त्रिआयामी(3D) आकृति है।जिसमें एक शीर्ष होता है। लंब वृत्तीय शंकु का आधार वृत्ताकार होता है।

- लंब वृत्तीय शंकु की ऊँचाई =h
- लंब वृत्तीय शंकु की तिर्यक ऊँचाई =l
- लंब वृत्तीय शंकु के वृत्ताकार आधार की त्रिज्या=r

www.teachersofbihar.org

Pratibha Pandey

## बेलन CYLINDER




बेलन त्रिआयामी ठोस आकृति है। इसके पार्श्व पृष्ठ वक्र,सिरे समान त्रिज्या के वृत्ताकार होते हैं।

- बेलन का वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल= आधार का परिमाप × ऊँचाई

  $= 2\pi rh$

- बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल + 2×आधार का क्षेत्रफल

  $=2\pi rh + 2\pi r^2$

  $=2\pi[h+r]$

- बेलन का आयतन=आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई

  $=\pi r^2 h$

**TOBTLM SCIENCE**

# विज्ञान कॉर्नर

## धातु एवं अधातु कक्षा 10

### सोडियम धातु के अयस्क

11
Na
Sodium
22.98

### अयस्क के नाम

1. रॉक साल्ट, सामान्य नमक
2. चिली साल्टपीटर
3. बोरेक्स
4. सोडियम कार्बोनेट

### लोहा के अयस्क



Fe
Iron

- हेमाटाईट



- मैग्नाटाईट



- सीडेराईट



- आयरन पाइराईट



www.teachersofbihar.org




# ToB बालमन बिहार भाग 1





स्नेहा कुमारी, वर्ग-सात, उत्क्रमित मध्य विद्यालय
चाँपी, कोढ़ा, कटिहार

# ToB बालमन बिहार  भाग 2




Suhani Suman
Samastipur



रत्न प्रिय
कक्षा-8
Samastipur




साक्षी कुमारी यादव,कक्षा - 8, मध्य विद्यालय गलगलिया

# दिवस विशेष

22 दिसंबर

**मधु प्रिया**

## राष्ट्रीय गणित दिवस




भारत में वर्ष **2012** से प्रत्येक वर्ष **22** दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष देश भर में रामानुजन की **134** वीं जयंती मनाई जा रही है। रामानुजन के पास विचारों का खजाना था, जिन्होंने **20** वीं सदी के गणित को बदलकर एक नया आकर दिया। ये विचार **21** वीं सदी के गणित को आकार देते रहते हैं। राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य लोगों को गणित के विकास और मानवता के विकास में इसके महत्व से अवगत कराना है। राष्ट्रीय गणित दिवस पहली बार **2012** में मनाया गया था जब पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने इस दिन को **26** फरवरी **2012** को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया था। बता दें कि डॉ मनमोहन सिंह रामानुजन की उपलब्धियों के लिए उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मद्रास विश्वविद्यालय का दौरा कर रहे थे। तब से हर साल **22** दिसंबर को गणित के क्षेत्र में रामानुजन के काम का सम्मान करने के लिए ये खास दिन मनाया जाता है।



Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

23 दिसंबर

**मधु प्रिया**


## राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर



राष्ट्रीय किसान दिवस एक राष्ट्रीय अवसर के रूप में हर साल **23** दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की स्थिति के उत्थान पर ध्यान देना है। इसे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सम्मान में मनाया जाता है। वह एक किसान परिवार से थे।किसान हर देश की प्रगति में विशेष सहायक होते हैं। एक किसान ही है जिसके बल पर देश अपने खाद्यान्नों की खुशहाली को समृद्ध कर सकता है। देश में राष्ट्रपिता गांधी जी ने भी किसानों को ही देश का सरताज माना था। लेकिन देश की आज़ादी के बाद ऐसे नेता कम ही देखने में आए जिन्होंने किसानों के विकास के लिए निष्पक्ष रूप में काम किया। ऐसे नेताओं में सबसे अग्रणी थे देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह। पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को किसानों के अभूतपूर्व विकास के लिए याद किया जाता है। चौधरी चरण सिंह की नीति किसानों व ग़रीबों को ऊपर उठाने की थी। उन्होंने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की कि बगैर किसानों को खुशहाल किए देश व प्रदेश का विकास नहीं हो सकता। चौधरी चरण सिंह ने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वह गंभीर थे। उनका कहना था कि भारत का संपूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मज़दूर, ग़रीब सभी खुशहाल होंगे।


/teachersofbihar

# ENGLISH TLM POSTER











UHS कोटा नुआंव, कैमूर की बच्चियो के द्वारा।

मार्गदर्शक शिक्षिका कामनी जी









# रंगोली विशेष



राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी ऑन सोन, रोहतास



बालमन चांद से



बालमन चांद से




राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी ऑन सोन, रोहतास

DECEMBER 2023

# भाग करने की मशीन

*** TLM का नाम और विवरण:- भाग करने की मशीन। यह डब्बे से बनाया गया** एक TLM **है** जिसके माध्यम से भाग की अवधारणा को स्पष्ट किया जा सकता है।

*** वर्ग कक्ष/वर्ग कक्षों का विवरण जिसके लिए TLM उपयुक्त हैं :-** कक्षा 2 एवं 3

*** अधिगम प्रतिफल का विवरण जिससे TLM संबंधित है:- इस TLM के अधिगम प्रतिफल निम्नांकित हैं-**

1. बच्चे छोटी राशि को बराबर बराबर बांट पाते हैं।
2. छोटी राशि में से बराबर बराबर घटा पाते हैं।
3. भाग की प्रक्रिया को समझ के साथ बताते हैं।

*** TLM को इस्तेमाल करने के तरीके:-** मान लिया जाए हमें 13 में 4 का भाग करना है। सबसे पहले हम चार चार की संख्या में गोली को पहले वाले विन्डो में डालेंगे। इस प्रकार तीन बार में 12 गोली समाप्त हो जाएगी। तीन बार के लिए 3 गोली बीच में तथा शेष बची एक गोली अंतिम वाले विन्डो में डाल देंगे। सामने से भागफल वाली खिड़की खोलने पर 3 गोली तथा शेषफल वाली खिड़की खोलने पर 1 गोली बाहर निकलेगी जो उपर्युक्त भाग का **परिणाम** है।



तीन बार के लिए 3 गोली बीच में तथा शेष बची एक गोली अंतिम वाले विन्डो में डाल देंगे। सामने से भागफल वाली खिड़की खोलने पर 3 गोली तथा शेषफल वाली खिड़की खोलने पर 1 गोली बाहर निकलेगी जो उपर्युक्त भाग का परिणाम है।

*** TLM के लिए आवश्यक सामग्री:-** कुट का डब्बा, बोतल का ढक्कन आदि।

*** अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो आवश्यक हो:-** कुछ नही।





## शिक्षक परिचय

1. नाम:- अवधेश राम
2. विद्यालय का नाम:- उत्क्र.म. वि. बहुआरा
3. प्रखंड:- भभुआ
4. जिला:- कैमूर
5. whatsapp no. :- 8581943379
6. email id :- awadheshram54@gmail.com



# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1







उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा, मोहनियां कैमूर



UHS, हरदासपुर, कुदरा कैमूर




हैकाक इंस्ट्यूशन मध्य विद्यालय लहेरियासराय, दरभंगा




UMS सिलौटा, भभुआ कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2




UMS सिलौटा, भभुआ कैमूर



UHS कोटा, नुआंव कैमूर




कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुटुंबा, औरंगाबाद

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3




विज्ञान गणित क्लब के छात्रों ने डॉ जगदीश चंद्र बसु की मनाई जयंती#राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी, रोहतास



नए शिक्षको का स्वागत। UHS सलथुआ, कुदरा, कैमूर



हैकाक इंस्ट्यूशन मध्य विद्यालय लहेरियासराय, दरभंगा




प्रत्येक माह एक ख़ास व्यक्तिकार्यक्रम। NPS तरहनी, कुदरा, कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 4




गुड टच, बैड टच
UMS अमरपुरा,
मोहनिया




स्मोक मशीन के साथ
UHS कोटा, नुआंव का
विधार्थी



अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित
अभिभावक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनडीहरा , भभुआ,
कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 5



UMS बरना, कुदरा




UMS खैरा, भभुआ



सौजन्य से:-
डॉ संजय कुमार सिंह
प्राचार्य
उत्क्रमित उच्य माध्यमिक +2 विद्यालय,बैजनाथ रामगढ़,कैमूर।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

[redacted]

## पेस्टोलोजी विधि

**पेस्टालॉजी की यह प्रणाली कठिन से सरल पर आधारित है। इस विधि के अनुसार बालक को सबसे पहले अक्षर लिखना सिखाया जाता है। इसमें अक्षरों को छोटे – छोटे टुकड़ों में विभाजित कर दिया जाता है। तथा पुनः उसका सही योग करके पूर्ण अक्षर का ज्ञान कराया जाता है।**

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 03 दिसम्बर

1. **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस–** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1992 में इस दिवस की नींव रखी थी। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों में दिव्यांगजनों के प्रति वैश्विक स्तर पर समान अधिकारिता तथा भेदभाव रहित व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।
2. **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती/ मेघा दिवस–** भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 3 दिसम्बर, 1884 ई. को बिहार राज्य के सीवान जिले के जीरादेई नामक ग्राम में हुआ था। वे 26 जनवरी, 1950 से 14 मई, 1962 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। वर्ष 1962 में राष्ट्र ने उन्हें 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने 'इण्डिया डिवाइडेड' (1946), सत्याग्रह एट चम्पारण (1922), बापू के कदमों में बाबू (1954) जैसे पुस्तकों का लेखन भी किया। उन्होंने दो साप्ताहिक पत्रिका भी निकाला। हिंदी में निकलने वाली पत्रिका का नाम 'देश' और अंग्रेजी में निकलने वाली पत्रिका का नाम 'सर्चलाइट' था। 'देशरत्न' डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में बिहार सरकार द्वारा उनकी जन्मदिवस को मेघा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।
3. **भोपाल गैस त्रासदी दिवस–** वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित यूनियन कार्बाइड के रासायनिक संयंत्र से 'मिथाइल आइसोसाइनेट' नाम का जहरीला गैस के रिसाव के कारण 5 लाख से अधिक लोगों को जान गँवानी पड़ी थी। यह सदी की सबसे बड़ी त्रासदी थी।
4. **खुदीराम बोस जन्मदिन–** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसम्बर, 1889 ई. को पश्चिम बंगाल के मिदिनापुर में हुआ था। भारतवर्ष की आजादी के लिए मात्र 19 वर्ष की अवस्था में ही फाँसी पर चढ़ कर सबसे कम उम्र वाले युवा क्रांतिकारी के रूप में अमर हो गये।
5. **सिवान जिला स्थापना दिवस–** 03 दिसम्बर, 1972 ई. को सिवान जिले की स्थापना सारण जिले को विभाजित कर की गई थी। पहले मूल रूप से यह सारण जिले का एक अनुमण्डल हुआ करता था। सिवान जिला के पूर्व में सारण जिला, उत्तर में गोपालगंज जिला, पश्चिम और दक्षिण में उत्तरप्रदेश के दो जिलों देवरिया और बाली से घिरा हुआ है। इस जिले में 3 अनुमण्डल और 20 प्रखण्ड हैं।
6. **मुंगेर जिला स्थापना दिवस–** 03 दिसम्बर, 1832 ई. को मुंगेर जिला की स्थापना को भागलपुर जिला से अलग कर किया गया था। उसके कई दिनों तक मुंगेर जिला का कमिश्नरी भी भागलपुर ही था, जिसे बाद में भागलपुर से अलग कर मुंगेर का अपना कमिश्नरी बनाया गया। मुंगेर जिले में 3 अनुमण्डल और 9 प्रखण्ड हैं। यह गंगा नदी के तट पर है।

- संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 2 से जोड़ें।



Teachers of Bihar
The change makers

दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल


## 25 दिसम्बर

1. **अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिवस–** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर, 1924 ई. को ग्वालियर, मध्यप्रदेश में हुआ था। वे हिन्दी के कवि, पत्रकार और एक प्रखर वक्ता थे। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। वर्ष 1992में 'पद्म विभूषण', और वर्ष 2015 में 'भारत रत्न' सम्मान से भी सम्मानित किये गये थे। इसके अलावे वर्ष 1994 में उन्हें 'श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार', 'पं. गोविन्द वल्लभ पुरस्कार' और 'लोकमान्य तिलक पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पोखरण परमाणु परीक्षण, दिल्ली –लाहौर बस सेवा, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना तथा कारगिल युद्ध विजय प्रमुख उपलब्धियां रही।
2. **क्रिसमस डे/ईसा मसीह जयंती–** 25 दिसम्बर को ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह का जन्म येरूसेलम, यहुदा, रोमन साम्राज्य में हुआ था। इनके माता–पिता का नाम मरियम और युसुफ था। इनके जीवनी और उपदेशों को 'बाइबिल' नामक ग्रंथ में संग्रहित किया गया है।
3. **राष्ट्रीय सुशासन दिवस–** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी।
4. **पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती–** पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसम्बर, 1861 ई. को प्रयाग में हुआ था। वे एक शिक्षक, वकील, सम्पादक और समाज सुधारक नेता भी थे। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। इसके अलावा हिन्दी भाषा के विकास में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें दिसम्बर 2014 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

**Teachers of Bihar**
*The change makers*


## जयंती विशेष 25 दिसम्बर

राकेश कुमार




महामना मदन मोहन मालवीय (जन्म - 25 दिसम्बर 1861 मृत्यु - 12 नवंबर 1946) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृ भाषा तथा भारतमाता की सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले इस महामानव ने जिस विश्वविद्यालय की स्थापना की उसमें उनकी परिकल्पना ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिये तैयार करने की थी जो देश का मस्तक गौरव से ऊँचा कर सकें। मालवीयजी सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, देशभक्ति तथा आत्मत्याग में अद्वितीय थे। इन समस्त आचरणों पर वे केवल उपदेश ही नहीं दिया करते थे अपितु स्वयं उनका पालन भी किया करते थे। वे अपने व्यवहार में सदैव मृदुभाषी रहे।





कवि,प्रखर वक्ता,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री

# अटल बिहारी वाजपेयी

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**25 दिसम्बर 1924 – 16 अगस्त 2018**



Madhu priya

# Teachers of Bihar
The change makers

## पुण्यतिथि विशेष 28 दिसम्बर

राकेश कुमार

प्रथम रश्मि का आना रंगिणि, तूने कैसे पहचाना?
कहाँ, कहाँ हे बाल-विहंगिनि, पाया तूने वह गाना?



हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के
महान कवि

**सुमित्रानंदन पंत जी**

की पुण्यतिथि पर
भावपूर्ण श्रद्धा सुमन

**सुमित्रानंदन पंत** *Sumitranandan Pant*, जन्म: 20 मई 1900; मृत्यु: 28 दिसंबर, 1977) हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। सुमित्रानंदन पंत नये युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिन्दी साहित्य में उदित हुए। सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण समकालीन कवियों में सबसे बेहतरीन था।



# Teachers of Bihar
The change makers

## दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 28 दिसम्बर

1. **कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस–** 28 दिसम्बर, 1885 ई. को कांग्रेस पार्टी की स्थापना 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। इसके संस्थापक महासचिव ए. ओ. ह्यूम थे जिन्होंने व्योमेश चन्द्र बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके संस्थापक सदस्यों में दादाभाई नौरोजी और दिनशावाचा शामिल थे।
2. **रतन टाटा का जन्म–** भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन नवल टाटा का जन्म 28 दिसम्बर, 1937 को सूरत में हुआ था। रतन टाटा के मार्गदर्शन में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज सार्वजनिक निगम बनी और टाटा मोटर्स को प्रसिद्धि प्राप्त हुई। उन्हें 'पद्म भूषण'(2000), 'पद्म विभूषण'(2008) के अलावा कई पुरस्कारों और मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया है।

- **क्या आप जानते हैं?**
  1896 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में पहली बार 'वन्दे मातरम्' गाया गया।




Merry
CHRISTMAS
Wishing you a Christmas brimming with love
joy, and cherished moments
25
DECEMBER

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।

www.teachersofbihar.org